श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : *

THE DEPUTY CHAIRMAN: It will not go on record.

उपसभापति : आप मेरी बात तो सुनिये। इस पर शार्ट-ड्यूरेशन डिसकशन हो रहा है। आप मेरी बात तो सुन नहीं रहे हैं।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :*

उपसभापति : आप मेरी बात तो सुन नहीं रहे हैं, चेयर को बिल्कुल ही नहीं सुन रहे हैं। यह गलत है।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :

उपसभापति : आप मेरी बात बिल्कुल नहीं सुन रहे हैं। (व्यवधान)

उपसभापति : तो आप चेयर से बात कीजिए, आप बीच में बात मत कीजिए। (व्यवधान) आप सुनिए, इसके बारे में चैयरमेन साहब ने कहा है कि यह बहुत महत्वपूर्ण मामला है इसलिए यह डिसकस होगा, इस पर डिसकशन होगी। वह शार्ट ड्यूरेशन डिसकशन के लिए एग्री हो गए हैं। ... (व्यवधान)

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : फिर यह घोषित हो जाए। (व्यवधान)

उपसभापति : मैं यही तो कह रही हूं वह एग्री हो गए हैं। आप सुनते ही नहीं हैं और बोलते ही जा रहे हैं। मैं आपसे कह रही हूं कि वह उस पर शार्ट ड्यूरेशन डिसकशन के लिए एग्री हो गए हैं। ... (व्यवधान) फिर भी आप बोले जा रहे हैं।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : फिर भी इतना लंबित करके परमिशन मिल रहा है।

उपसभापति : मैं आपको रिकवेस्ट करती हुं कि आप बैठ जाइये।

Now Mr N. E. Balaram to continue his speech on the President's Address.

*Not recorded.

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS—contd.

SHRI N. E. BALARAM (Kerala): Madam Deputy Chairman, I am speaking about the third point which has been omitted in the President's Address; that is about price rise. Everybody knows that prices are rising evedy day. Government has made it a practice to raise resources through price rise before and after the Budget and that is one of the reasons why prices are going high. That is a very important thing. I do not want to go into details since the Budget is coming. But I want to stress that price rise must find a place in the President's Address. But the President's Address does not contain any mention about price rise.

Then another most important point I want to draw the attention of the House to is the unity of our country. Everybody knows that the unity of our country is in danger. I thought that there would be some caution in the President's Address about the danger to our unity. But I did not find anything of that sort. Not only that. Instead of giving a caution to the country about the developments in Punjab, what I find in the President's Address is a sort of complacency on the part of the Government. The situation in Punjab is becoming very serious. Some time past there was some improvement; I agree. But of late things are going from bad to worse everyday. In January alone about 150 persons were killed. I am just making a reference to the situation there, that should have prominently figured in the President's Address. Two things are very clear as far as Punjab is concerned. One is the total failure of President's rule in Punjab. The other is the law and order situation has also been failing rapidly. Theses are the two facts. When we watch the developments taking place in Punjab these are the two outstanding facts we see. The President's rule in Punjab has failed.

[Shri N. E. Balaram]

I am afraid instead of finding a political solution to the problem of Punjab, the Government of India is deliberately drifting. As far as the question of Punjab is concerned, they are disregarding, they are by-passing, the secular forces and they are having private talks with dubious forces in Punjab. I do not hesitate to say that, what the Government of India is doing, it is by-passing the secular forces and it is disregarding their opinions and it is not consulting them. In fact, they are having secret dialogues with the dubious forces in Punjab. If this policy is continued, I do not know where we are going. It is the same thing that has happened in Tripura. On the question of Tripura, what I say is that the Congress(I) Party is having an alliance with the TUJS. Everybody knows what this TUJS is. It is more or less the legal and political outfit of the TNV what is this TNV. They are inspired by foreign people and they have got arms from foreign people. They are operating there, but their base is somewhere else and everybody knows it. But the Congress (I) Party is having indirect alliance with the legal and political outfit of the TNV, that is, the TUJS. Then what will happen to the unity of our country? That is one point.

Now, I want to bring to your notice and the notice of the House another point. Recently, there was a Muslim Conference... (*Interruptions*)... I hope Mr. Jacob is listening. Recently, there was a conference, the International Muslim Conference, in Islamabad. Mr. Jacob will be knowing it, I think. In that Conference in Islamabad, one of the leaders of a party which is an ally of the Congress (I) in Kerala, that is, the Muslim League, one of the dubious allies of that party, participated. A leader of one of the allies of the Congress(I) participated in that International Muslim Conference held in Islamabad and in that Conference, they have passed a resolution against India. They have passed a resolution against our Government's 'suppressive' activities in Kashmir and they have claimed that Kashmir is not a part of India. In that Conference, the leader of your ally participated and in spite of the persuasion by the Indian Ambassador, he did not oppose that resolution which was passed in that Conference. Madam, I am just reading out a line from this paper. This is a Malayalam paper, the "Malayala Manorama", and this is a paper which is fully supporting the Government of the Congress(I) ... (*Interruptions*)... "Anti-Indian resolution has no objection." This is the headline given by the paper, "Malayala Manorama". It is not a Communist Party paper and it is not a leftist party paper. It is a paper hundred per cent supporting the Congress (I). It say in that Conference there was: "No objection to the anti-Indian Resolution.". But the leader of your ally articipated in that Conference. Even today, while I am speaking here, Mr. Karunakaran is joining them and is working there. Mr. Antony is joining with them and is working there and even the Prime Minister has gone there for compaigning in favour of the candidate of that party. They are still having an alliance with that party, with the anti-Indian leaders, with the tallest leaders of that party. You are having direct and indirect alliance with the TNV in Tripura. You are having secret talks with the dubious forces in Punjab and yet you talk of the unity of India. How can we believe it? How can we can we believe it? How can we deny it? You are talking about the unity of the country. But I have no doubt that things are developing in a very bad way. Again we are facing the danger of having a second partition of our country. The unity of our country is at stake. It is a very crucial thing... (*Interruptions*)...

SHRI DEBA PRASAD RAY (West Bengal): One of the CPI(M) guards has been arrested as an extremist... (*Interruptions*)...

SHRI N. E. BALARAM: At this crucial hour, what are you doing? You are only encouraging directly and indirectly some of the anti-national forces. It is because they want to get votes and and they want their support. So, I am afraid that the unity of the country is at stake. But the President did not utter a word about it and did not give any precaution to the country that there is danger.

Coming to the economic front, what can I say? It is reported in the press that when the Prime Minister was speaking about the Planning Commission, he said that the Planning Commission was composed of a bunch of jokers. This is the comment he made about the Planning Commission. If they are a bunch of jokers, I do not know why you should keep them there. I do not know why those people are sitting there. They are our outstanding scientists and the Prime Minister calls them a bunch of fools. It is no joke. The idea behind it is that some of them are not fully in agreement with some of the economic policies that are followed by this Government. That is why he wants to intimidate them. We saw it the day before yesterday. Now that intimidation has been started. If there is any dissent or disagreement, people are intimidated. To call the Members of the Planning Commission as jokers is an indirect intimidation. He wants to change the Planning Commission's planning role into a role of, what should I say, programming for the capitalist system. That change is taking place in the Planning Commission itself. Some are objecting to it and that is why he is calling them jokers. Tall claims are made about the soundness of our economy. The growth of GDP during the last year was only 1.5 per cent and the next year it will be 0 per cent growth. I don't want to go into other things. If this is the position, what will happen next year? No economist can support the claim of the Government about the soundness of the economy.

I want to point out one more think. Tall claims are made by the Government about some of our policies. I will take the new education policy. (*Time bell rings*). Somebody was, praising it. Very recently, the State Council for Research and Training, a Government body of Bihar, has submitted a report to the Government. I am giving only one or two examples from the report. They say that on the basis of Operation Blackboard Programme, the State Government was able to give chalk and dusters in 7 primary schools only. They have supplied name boards for 590 schools. They say that there are vacancies for 30,000 primary school teachers. There are vacancies for 5000 secondary school teachers. The literacy rate in Bihar is 26 per cent. This is our new education policy giving chalk and dusters to only 7 schools out of 25,000 or 26,000 primary schools. This is the success of the Operation Blackboard Programme. This is a farce. Nothing is happening in this country. This is the report that I have got from Bihar.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude now.

SHRI N .E. BALARAM: I am concluding. Madam, there is a tendency on the part of the Prime Minister and the Government to become more authoritarian. I tell you that authoritarianism is slowly developing in our country. I have no doubt about it. I do not want to go into the details. Several people mentioned about it. Now take the appointment of Governors? What does it show? There is no consultation with the Chief Ministers. Consultation means active consultation. No. Nothing has happened. It was all done here. Then the concept of Collectors' conference. What sort of conference is that? Neither the Chief Secretaries nor the Chief Ministers were invited. What sort of conference is that? They were discussing political points. The most wonderful thing is that the Collectors were discussing political points with

[Shri N. E. Balaram]

the Prime Minister. This is the way they are doing.

There is another point. I am very sorry to say that the Military and the Election Commission, these two are now being slowly used for political purposes. I give you a warning. I am sorry to say that. In Tripura we have seen it. The Military was used in favour of the ruling party. That is very bad. These are bad days for our country. And the Election Commission is slowly becoming a tool in the hands of the Government. I am sorry to say that. What does these factors show? What does this development show? Slowly but surely authoritrianism is again raising its head inside the country under the leadership of Prime Minister Rajiv Gandhi. What else could happen here when he is enjoying the rhythm of music produced by the puppetry and the parrotry around him? What else could happen in this country? I am very sorry to say this. When he is enjoying the rhythm of music produced by the puppetry and the parrotry around him, what else could happen to this country? What is going to happen to this country. The only solution is that if you want to move even an inch forward the best thing for the country is the resignation of the Prime Minister and re-elections in the country.

SHRI KALPNATH RAI (Uttar Pradesh): Why?

SHRI N. E. BALARAM: This is what I am saying. He is enjoying the music of puppetry and parrotry around him. The entire party is full of parrots and puppets. What else could be done? There is no democracy in the country.

THE DEPUTY CHAIMAN: Mr. Balaram, you were given five minutes. You have spoken for 15 minutes.

SHRI N. E. BALARAM: Madam, I conclude now.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shri Kalpnath Rai.

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभापति महोदया, मैं राष्ट्रपति का जो धन्यवाद प्रस्ताव है उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

उपसभापति : आप कितना समय लेंगे बता दीजिए ताकि बीच में मैं आपको डिस्टर्ब न करूं और आप घंटी बजने के बाद बैठ जाएं, आप 20 मिनट लीजिए।

श्री कल्पनाथ राय : मुझे 30 मिनट चाहिए। महोदया, यह राष्ट्रपति का जो अभिभाषण है, यह हमारी अतीत की उपलब्धियों और भविष्य में हम क्या करेंगे, इसके संबंध में चर्चा करता है राष्ट्रपति का अभिभाषण एक नीति वक्तव्य होता है कि हमारी नीतियां क्या हैं। महोदया, पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से हमारे देश ने कितनी प्रगति की है, आजादी की लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता संघर्ष के सैनानियों ने हिन्दुस्तान की रचना का क्या सपना देखा और उसके अनुकूल 40 वर्ष में कितनी तरक्की हुई है, हमारा भविष्य क्या होने वाला है, इन सारी बातों की इसमें चर्चा की गई है।

महोदया, हमारे विरोधी दलों के नेताओं का करीब करीब मानसिक दिवालिया निकल गया है और वे ऐसी बातें जनता में कहते हैं जिनका कोई मतलब नहीं है। जब हिन्दुस्तान आजाद हुआ तो एक नंगा, भूखा तथा कंगाल हिन्दुस्तान था। मैं पूछना चाहता हूं अपने विरोधियों से कि क्या हिन्दुस्तान अब नंगा है, भूखा है, कंगाल है और क्या इसने पिछले 40 वर्षों में कोई तरक्की नहीं की? मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आज हिन्दुस्तान दुनिया का छठवां स्पेस पावर है। आज हिन्दुस्तान दुनिया का छठवां एटोमिक पावर है। हिन्दुस्तान

आज एक औद्योगिक देश है । कल ही इसी हिन्दुस्तान ने 'पृथ्वी' का सफल परीक्षण किया और यह दुनिया के पांच देशों में एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरा है। हिन्दुस्तान दुनिया का तीसरा टेक्नीकल नो-हाउ पावर है । दुनिया का चौथा फर्टीलाइजर पैदा करने वाला देश है । कृषि की दृष्टि से शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में यह उभरा है ।

हिन्दुस्तान के नेताओं ने महात्मा गांधी की रहनुमाई में कराची कांग्रेस में जो प्रस्ताव पास किया था वह यह था कि नया हिन्दुस्तान बनेगा और वह हिन्दुस्तान कैसा होगा यह भी उसमें था । उसमें जनतंत्र होगा । सेक्युलरिज्म होगा, उसमें समाजवाद की स्थापना होगी। चार बुनियादी नीतियों पर आधारित हिन्दुस्तान को बनाने का सपना देखा था । हमारे देश के सभी नेताओं ने कंस्टीट्यूएन्ट असेम्बली में बैठ कर 1950 में हिन्दुस्तान को गणतांत्रिक राज्य बनाया आज दुनिया के विकासशील देशों में हिन्दुस्तान एक ऐसा देश है जहां पिछले 40 वर्षों से जनतंत्र का दीया जल रहा है। एशिया और अफ्रीका के सैकड़ों मुल्कों में आजादी आयी, जनतंत्र आया और फिर जनतंत्र का गला घोंट दिया गया। लेकिन हिन्दुस्तान ही एक ऐसा देश है जहां जनतंत्र का दीया लगातार जल रहा है। हिन्दुस्तान के विकास की बुनियाद, एग्रीकल्चरल डवलपमेंट की बुनियाद, औद्योगिक डवलपमेंट की बुनियाद पंडित जवाहर लाल नेहरू ने डाली। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने इसी पालियामेंट में बोलते हुए कहा था :

"India once did not join the industrial revolution and it was the reason for the slavery of India. If India will not join the technological revolution, India cannot protect its freedom."

श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कहा था कि एक बार हिन्दुस्तान ने औद्योगिक क्रांति में भाग नहीं लिया था और यही कारण था कि हिन्दुस्तान, जब यूरोप में औद्योगिक क्रांति हो रही थी तो बैल गाड़ी के पहियों से लिपटा हुआ हिन्दुस्तान अपनी आजादी को खो बैठा था। हिन्दुस्तान को अपनी आजादी को बचाना है तो टेक्नोलोजीकल रेवोलूशन में भाग लेना पड़ेगा । जवाहरलाल नेहरू ने विज्ञान के माध्यम से गरीबी को दूर करने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाया।

Public sector will occupy the commanding heights of the economy.

नीति को निर्धारित किया । उसी नीति पर हम चल रहे हैं। श्रीमती इन्दिरा गांधी के जमाने में हिन्दुस्तान खाद्यान के मामले में आत्म निर्भर बना । इस बार हिन्दुस्तान में सबसे बड़ा सूखा पड़ा, सबसे ज्यादा बाढ़ आई लेकिन हिन्दुस्तान ने इसका भी मुकाबला किया। हिन्दुस्तान में कोई भी आदमी भूख से नहीं मरा। इससे बड़ी उपलब्धि और क्या हो सकती है। अंधे को अन्धेरा ही दिखाई पड़ता है। जो हमारे कम्युनिस्ट पार्टी के लोग हैं यह मांग करते हैं कि मध्यावधि चुनाव हों । कोई हमारे कम्युनिस्टों की तरह से मानसिक दिवालिया नहीं है। भारत की जनता ने पांच वर्ष तक राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी को वोट के माध्यम से यहां भेजा है तब क्यों हम इस्तीफा दें, इस तरह का मर्खतापूर्ण कार्य हम क्यों करेंगे। जनता पार्टी 5 वर्ष तक के लिए जीत कर आयी थी लेकिन सारी पार्टियां आपस में लड़-झगड़ कर ढाई वर्ष में हट गयीं। यह कम्युनिस्ट पार्टी शुरू से ही इस प्रकार का रोल खेल रही है। यह आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों का साथ देने वाली पार्टी रही है। सन् 42 की आजादी की लड़ाई में आजादी की लड़ाई का विरोध करने वाली और पाकिस्तान बनने का समर्थन करने वाली जनघाती, राष्ट्रघाती कम्युनिस्ट पार्टी को हिन्दुस्तान की जनता कभी स्वीकार नहीं कर सकती । तुमने बंगाल में क्या काम किया है ? कल श्री बलराम जी बात कर रहे थे, लैण्ड रिफार्म की बात कर रहे थे । मैं पूछना चाहता हूं कि बंगाल के अन्दर आपने क्या लैण्ड रिफार्म किया है ? मैं कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में सबसे पहले मौरिशी अधिकार को खत्म किया गया । कांग्रेस सरकार ने सबसे पहले

[श्री कल्पनाथ राय]

उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार के कानून बनाये। मौरिशी अधिकार को खत्म करके काश्तकारों को अधिकार दिया। काश्तकारों के बाद भूमिहीनों को जमीन बांटी गई। श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में लैण्ड रिफार्म किया गया। उसकी नकल कम्युनिस्टों को बंगाल और केरल में करनी चाहिए। तीन प्रान्तों में कम्युनिस्टों की सरकार थी। त्रिपुरा से कम्युनिस्टों का सफाया हो चुका है। अगले चुनावों में केरल से भी कम्युनिस्टों का सफाया हो जाएगा। मार-पीट और बल्लेआम के सिद्धान्त पर चलने वाली कम्युनिस्ट पार्टियों को हिन्दुस्तान की जनता कभी बर्दाश्त नहीं कर सकती है। जिस पार्टी ने अंग्रेजों का साथ दिया हो उस पार्टी को हिन्दुस्तान की जनता कभी स्वीकार नहीं कर सकती है। हमारे नेता आदरणीय श्री राजीव गांधी जी ने अन्तर्राष्ट्रीय जगत में जिस प्रकार से विदेश नीति का संचालन किया है, जिस प्रकार से उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा पर चार चांद लगाये हैं, उससे सारी दुनिया प्रभावित है। अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में श्री राजीव गांधी जी ने जिस नीति का अनुकरण किया है उससे न केवल भारत का गौरव बढ़ा है बल्कि उससे दुनिया में शांति और प्रगतिशील ताकतें भी मजबूत हुई हैं। मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि श्री राजीव गांधी जी जब हमारे देश में प्रधान मंत्री बने तो उस वक्त परिस्थितियां क्या थीं? देशी और विदेशी षडयंत्र के कारण श्रीमती इन्दिरा गांधी का कत्ल कर दिया गया था। देश पर विपत्ति के बादल टूट पड़े थे। हिन्दुस्तान की जनता और संसद् के तमाम सदस्यों ने सर्वसम्मति से उनको अपना नेता घोषित किया और राष्ट्रपति ने उन्हें प्रधान मंत्री बनाया। पिछले तीन वर्षों से श्री राजीव गांधी हमारे देश का नेतृत्व कर रहे हैं। लेकिन हमारे विरोधी दल के लोग उनके व्यक्तित्व को नष्ट करने के लिए उनकी चरित्र-हत्या करने में लगे हुए हैं। सदन के अन्दर और सदन के बाहर श्री राजीव गांधी जी की चरित्र-हत्या करने की कोशिश की जा रही है। जब श्रीमती इन्दिरा गांधी की हत्या हुई तो श्री राजीव गांधी प्रधान मंत्री बनने के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन सभी संसद्-सदस्यों ने सर्वसम्मति से उन्हें अपना नेता चुना। मैं साफ कहना चाहता हूं कि हमारे विरोधी दलों के पास कोई नेतृत्व नहीं है। विरोधी लोग 25–30 पार्टियों में बंटे हुए हैं। इनकी कोई विदेश नीति नहीं है। इनके पास कोई कार्यक्रम नहीं है। इनके पास कोई नेता नहीं है, इनका कोई सिद्धान्त नहीं है। इनमें देश को चलाने की क्षमता नहीं है। छोटी-छोटी रीजनल पार्टियां, दो-तीन रीजनल पार्टियां इस देश को नेतृत्व नहीं दे सकती हैं। मैं सदन के माध्यम से कहना चाहता हूं कि भारत की आजादी को जितना खतरा आज है उतना बड़ा खतरा पंडित जवाहरलाल नेहरू के जमाने में भी नहीं था और श्रीमती इन्दिरा गांधी के जमाने में भी नहीं था। देश की एकता और अखण्डता को जितना बड़ा खतरा आज है उतना बड़ा खतरा पहले कभी नहीं था। मैं देश के विरोधी दल के नेताओं से प्रार्थना करना चाहता हूं कि वे भारत की आजादी के साथ सौदा न करें। भारत की एकता और स्थिरता कायम रहे, इसके लिए प्रयास करने की जरूरत है। आज सबसे बड़ी समस्या भारत की स्टेबिलिटी और यूनिटी की है। हिन्दुस्तान की आजादी, हिन्दुस्तान की एकता और अखण्डता को कायम करने का प्रयास हमारे प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी कर रहे हैं। उनको हिन्दुस्तान के करोड़ों-करोड़ लोगों का समर्थन प्राप्त है। हिन्दुस्तान की जनता को राजीव गांधी के रूप में एक नेता मिला है। हिन्दुस्तान की जनता उनको अपना नेता मानती है। मैं विरोधी दलों को चुनौती देता हूं कि अगले दो वर्ष के बाद जो चुनाव हो उसमें भारत की जनता श्री राजीव गांधी को और कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से विजयी बनाएगी। इस बात को नोट कर लीजिए। हमारे मित्र जो यहां मौजूद हैं मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आज हिन्दुस्तान में विरोधी पार्टियों का सफाया हो गया है। आज हिन्दुस्तान में विरोधी दलों के पास

न नेतृत्व है, न उनके पास क्षमता है और न देश के पैमाने पर वे कुछ कर सकते हैं । विरोधी दलों में रहकर आप एकता नहीं कायम कर सकते हैं तो क्या सरकार में आकर आप एकता कायम कर सकेंगे ? भारत की जनता का आप पर विश्वास नहीं है । हिन्दुस्तान का विकास करना कोई आसान काम नहीं है । विकास ऐसे ही नहीं होता है । जब देश आजाद हुआ तो उस समय हमारे देश के पास सुई बनाने की भी क्षमता नहीं थी लेकिन आज वही देश पंडित जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से जो विकास की ओर अग्रसर हुआ और उसी का परिणाम है कि आज देश में इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एग्रो-इन्डस्ट्रियल डेवलपमेंट, टेक्नोलोजिकल डवलपमेंट तमाम तरह के डेवलपमेंट हुए हैं । यहां पर बेकारी की बात की जाती है, भुखमरी की बात की जाती है । मैं कहना चाहता हूं कि जब तक हिन्दुस्तान की जनसंख्या पर रोक नहीं लगायी जायेगी तब तक हिन्दुस्तान के विकास का कोई अर्थ नहीं होगा । एक बार इंदिरा गांधी जी ने हिन्दुस्तान में पापुलेशन पर कन्ट्रोल करने के लिए कदम उठाये । नसबंदी के क्रियान्वयन के कारण, नसबंदी की योजना को युद्ध स्तर पर लागू करने के कारण हिन्दुस्तान के विरोधी दलों के नेताओं ने उस नसबंदी की झूठी और गलत कहानियां भारत की भोली भाली जनता में फैलाकर जनता को गुमराह किया । 1977 की विजय जो विरोधी दलों को मिली वह इसलिए मिली कि इस विषय पर उन्होंने जनता को गुमराह किया था, मिस-गाइड किया था । मैं चाहता हूं कि विरोधी दलों के सारे नेता और हमारी पार्टी के नेता राष्ट्रीय मैत्र्य कायम करके जनसंख्या के सवाल पर रेडियो के माध्यम से, टेली वजन के माध्यम से, चुनाव घोषणा पत्रों के माध्यम से, अखबारों के माध्यम से भारत की जनता से अपील करें और जगह-जगह पर सभाय करके उन मीटिंगों में घोषणा करें कि राष्ट्रीय जीवन को बचाने के लिए परिवार नियोजन अति आवश्यक है । आज यहां पर कांग्रेस की सरकार कायम है, कल कोई दूसरी सरकार भी आ सकती है । अगर परिवार नियोजन के ऊपर नियंत्रण नहीं होता है, जनसंख्या के ऊपर नियंत्रण नहीं होता है तो हमारे देश के विकास के शिशु को जनसंख्या का राक्षस दबोच लेगा । हिन्दुस्तान में विकास हो रहा है, देश ने तरक्की की है, विकासशील देश होकर जनतंत्र के दिये जलाते हुए भारत ने विकास किया है । यह जो विकास हुआ है, अगर जनसंख्या पर नियंत्रण नहीं होगा तो इस विकास के शिशु को जनसंख्या का राक्षस दबोच लेगा । मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि जनसंख्या के सवाल पर सारे विरोधी दलों के नेताओं को बुलाकर मैत्र्य कायम करना चाहिए और सारे राष्ट्र को एक मत होकर इसका समर्थन करना चाहिए । जब तक यह बात नहीं होगी तब तक बेकारी की समस्या कैसे हल होगी ? कम्युनिस्ट तानाशाही हमारे देश में नहीं है कि हम जो चाहें एक दम कर दें । यहां डैमोक्रेटिक तरीके से, जनतांत्रिक तरीके से मुल्क की समस्याओं का हल करना होता है । आज राजीव गांधी के न रहने से भारत की एकता और अखंडता को खतरा उत्पन्न हो सकता है । राजीव गांधी की चरित्र हत्या से आपको कुछ मिलने वाला नहीं है । इसलिए आप इस तरह की चरित्र हत्या को बंद कीजिए । तेलुगु देशम के नेता उपेन्द्र भी भ्रष्टाचार की बात कर रहे थे ...**

THE DEPUTY CHAIRMAN: It is unparliamentary. It will not go on record.

श्री कल्पनाथ राय : तेलुगु देशम के मुख्य मंत्री के खिलाफ हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार में शामिल होने का जब आरोप लगाया है तो उन्होंने इस्तीफा क्यों नहीं दिया ? श्री सत्यनारायण रेड्डी जी, उपेन्द्र जी बड़े ईमानदार व्यक्ति हैं, क्यों नहीं आपको आत्मा कहती है, क्यों नहीं आप उनके इस्तीफे की मांग करते हैं .... (व्यवधान)

*Not recorded.

SHRI PARVATHANENI UPENDRA (Andhra Pradesh): Madam, on a point of order. Are you permitting this? The matter is *sub judice*. It is in the Supreme Court. Therefore, it is not proper on his part to refer to it.

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभापति महोदया, अगर यह मामला सबजूडिस है तो क्या देश के नेता राजीव गांधी पर कोई आरोप साबित है ? क्यों बार-बार इसकी चर्चा करते हैं ।

श्री पार्तनेनि उपेन्द्र : हम लोग कोर्ट में नहीं गये । We appeal to the people's court.

श्री कल्पनाथ राय : इसलिए आपको इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिए । चरित्र हत्या की राजनीति करने वालों को चरित्र हत्या गिरा देगी । सत्यनारायण रेड्डी जी आप याद रखना दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करो जैसा आप अपने प्रति व्यवहार चाहते हो । राजीव गांधी हिन्दुस्तान की राजनीति के आकाश पर एक उगता हुआ सूरज है उसको नमन करो इससे अन्धकार मिटेगा और प्रकाश आएगा । गोर्बाचेव और रीगन को नेतृत्व देने वाले 6 राष्ट्रों के माध्यम से डिसआरमामेंट की बात किस ने की, श्रीमती इन्दिरा गांधी की अध्यक्षता में नई दिल्ली डिक्लेरेशन यहां घोषित किया गया । इन्दिरा जी के मरने के बाद 6 राष्ट्रों ने राजीव गांधी के नेतृत्व में दुनिया के देशों से मांग की दुनियां में आणविक शस्त्र रखने वाले रूस और अमरीका से यह कहा कि दुनिया से आणविक हथियारों को मिटा दो वरन् यह हथियार दुनिया को मिटा देंगे । यह 6 राष्ट्रों की घोषणा लगातार तीन साल तक हुई रही । हमें विश्वास है कि विकसित राष्ट्रों ने रूस और अमरीका ने हमारी आवाज को सुना और आज दुनियां को शान्ति के रास्ते पर कदम बढ़ा कर निरस्त्रीकरण डिसआरमामेंट की दिशा में उन्होंने कदम उठाया है और मानवता के लिए दुनिया के लिए कल्याण के लिए ह कदम है । उपसभापति महोदया, हमारी आजादी की लड़ाई लड़ी गई । सत्य और अहिंसा के रास्ते पर महात्मा गांधी ने हिन्दुस्तान की आजादी को हासिल किया । उसी आजादी को हासिल करने के नाते दुनियां के सैकड़ों देशों से साम्राज्यवादी ताकतों को उखाड़ कर फैंक दिया गया । पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उसी सत्य और अहिंसा के रास्ते पर पंचशील के सिद्धांतों को बना कर पूरी दुनियां को एक दिशा दी । युनाइटेड नेशंस आर्गेनाइजेशन में 1954 में जवाहरलाल नेहरू ने बोलते हुए कहा था कि दुनियां में एटोमिक हथियारों को मिटाना होगा और जो पैसा एटोमिक हथियारों पर खर्च हो रहा है वह दुनियां के विकास पर खर्च करना होगा । जवाहरलाल नेहरू की नीतियों पर श्रीमती इन्दिरा गांधी 17 साल तक चलती रहीं उसी परम्परा के अनुसार राजीव गांधी इन्दिरा जी तथा जवाहरलाल नेहरू की नीतियों पर आज भी चल रहे हैं । पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि हमें साइंस के माध्यम से गरीबी को दूर करना है । इन्दिरा जी ने उसी साइंस और टैक्नोलोजी के सहारे भारत से गरीबी दूर करने का प्रयास किया । राजीव गांधी ने यह कहा है कि उसी तकनीकी क्रान्ति को प्राथमिकता दी जाएगी । राजीव गांधी ने कहा है कि अपने हिन्दुस्तान की परिस्थितियों के अनुकूल अपने सीमित साधनों के माध्यम से हमें अपने देश को आगे बढ़ाना है । मैं विरोधी दलों के नेताओं से पूछना चाहता हूं दुनियां का एक भी ऐसा देश वे बता दें जिस देश में लोकतन्त्र भी हो, समाजवाद भी सैकुलरिज्म भी हो, नेशनलिज्म भी हो । मैं यह जानना चाहता हूं विरोधी दलों के नेताओं से ऐसा दुनिया का विशाल देश जो उन नीतियों पर सिद्धांतों पर चला हो । रूस और चीन बलराम जी के देशों में पेट की आजादी है... (**व्यवधान**)

श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी : (आन्ध्र प्रदेश) : बलराम जी का देश तो भारत है ।

श्री कल्पनाथ राय : इन कम्युनिस्टों के देशों में पेट की आजादी है रोटी की आजादी है लेकिन मन की आजादी नहीं है वहां सैकुलरिज्म नहीं है और अमरीका तथा दूसरे पूंजीवादी राष्ट्रों में मन की

आजादी तो है मगर पेट की आजादी नहीं है । हिन्दुस्तान दुनियां का पहला देश है जिसने अपने संविधान में कहा कि India will be democratic, socialist, secular Republic. हमारे देश के नेताओं ने कहा कि हिन्दुस्तान एक ऐसी पद्धति अपनायेगा, हिन्दुस्तान ऐसे नीति निर्देशक सिद्धांतों को अपनायेगा हिन्दुस्तान में एक ऐसी विचारधारा चलेगी जिसमें मन की आजादी के साथ साथ पेट की आजादी होगी । मन की आजादी का अर्थ है डेमोक्रेसी और पेट की आजादी का अर्थ है सोशलिज्म जो मन की आजादी के साथ पेट की आजादी को भी खोजेगी । हिन्दुस्तान ने दुनियां को राह बताई कि हिन्दुस्तान नेशनलिज्म में विश्वास करेगा और सेकुलरिज्म में विश्वास करेगा । दुनियां में कोई एक ऐसा देश बताएं जहां माइनार्टी को रिस्पेक्टेबिलिटी दी है। एक भी देश ऐसा बताएं कम्युनिस्ट रूस में 64 वर्ष तक आइरन कर्टेन की हकूमत रही । मैं यह कहना चाहता हूं कि करोड़ों करोड़ मुसलमान रूस में हैं मगर रूस की पोलिट ब्यूरो में, प्रिजिडियम में, सेक्रेटेरियेट में, प्रधानमंत्री पद पर या अध्यक्ष पद पर आज तक एक भी मुसलमान को राज व्यवस्था में नहीं आने दिया गया । करोड़ों मुसलमान रूस में हैं, मैं चुनौती के साथ चैलेंज करता हूं अगर तुम्हारे पास कोई नाम मौजूद हो तो बताओ । चाइना, जहां की आबादी सौ करोड़ हैं, जहां करोड़ों करोड़ मुसलमान रहते हैं **(व्यवधान)**

SHRI PARVATHANENI UPENDRA: On a point of order... Please listen to me.

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR): Don't raise a point of disorder so far as his speech is concerned.

SHRI PARVATHANENI UPENDRA: There is a convention that Members of this august House should not speak anything which will mar the relations with friendly countries. Soviet Union is one of our greatest friends and it is not proper for an hon. Member belonging to the ruling party to speak in such a manner as to mar relations between India and the Soviet Union.

THAKUR JAGATPAL SINGH (Madhya Pradesh): This is no point of order.

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभापति महोदया, इसमें रूस और हिंदुस्तान की मैत्री की क्या बात है । हिंदुस्तान रूस का मित्र है और हिंदुस्तान तथा रूस दोनों विश्व शांति के लिए कदम में कदम मिलाकर चल रहे हैं । मैंने क्या कहा कि हिंदुस्तान में सेक्युलरिज्म है । इस सेक्युलरिज्म की व्यवस्था में जितनी बड़ी रिस्पेक्टेबिलिटी माइनारिटी की हिन्दुस्तान में है, उतनी दुनिया के किसी भी पूंजीवादी या साम्यवादी मुल्क में नहीं है । मैंने कहा कि रूस के 64 वर्ष के राजतंत्र में करोड़ों करोड़... **(व्यवधान)**

मैं चीन की बात कहना चाहता हूं कि चीन में सौ करोड़ की आबादी है । चीन में करोड़ों करोड़ मुसलमान हैं मगर चीन के राजतंत्र की व्यवस्था में, कम्युनिस्ट पार्टी के पोलिट ब्यूरो में, चाइना कम्युनिस्ट पार्टी के सेक्रेटेरियेट में एक भी मुसलमान नहीं है, विदेश मंत्री, प्रधान मंत्री, राष्ट्रपति के पद पर कितने माइनारिटी के लोगों को जगह मिली है ? नहीं मिली है । हिंदुस्तान ही एक ऐसा देश है जिसने महात्मा गांधी के नेतृत्व में या खान अब्दुल गफ्फार खां, अशफाकुल्ला और चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में जब देश की आजादी की लड़ाई लड़ी तो अपने मुल्क की माइनारिटी को भी बहुत रिस्पेक्ट दी । पिछले 40 वर्ष की हुकूमत में सैकड़ों माइनरिटी के मुख्य मंत्री बनाए गये । राष्ट्रपति के पद पर तीन तीन माइनारिटी के लोगों को रखा गया हिंदुस्तान के कैबिनेट में 13–14 माइनारिटी के व्यक्तियों को लगातार जगह मिली । हिंदुस्तान की पार्लियामेंट और असम्बलीज में माइनरिटी को जितना प्रतिनिधित्व मिला है मैं डंके की चोट पर आपसे पूछता हूं कि

[श्री कल्पनाथ राय]

दुनिया के किसी देश में किसी शासन प्रणाली में ऐसा प्रतिनिधित्व माइनारिटीज को मिला है। महात्मा गांधी जिन्होंने सेक्युलरिजम की कल्पना की : India will be a secular State. Respectability will be given to all sections of the people who are born in this country. बताइये कहां है। हमने श्रीमती इंदिरा गांधी की अध्यक्षता में 42 वां संविधान संशोधन किया : India will not only remain a democratic country but will also be a Socialist and Secular Republic.

हमने हिंदुस्तान में जनतांत्रिक तरीके को अपनाते हुए समाजवाद की स्थापना का वचन दिया है। हमने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, राजाओं के प्रिवीपर्स को समाप्त किया, कांग्रेस के नेतृत्व में भारत की 80 करोड़ जनता को वोट का अधिकार दिया गया। जमींदारी प्रथा को खत्म किया गया, हिंदुस्तान को एक औद्योगिक राष्ट्र बनाया, हिंदुस्तान को कृषि की दृष्टि से मजबूत बनाया, टेक्नालाजी की दृष्टि से मजबूत बनाया। अभी कल ही राजीव गांधी के नेतृत्व में हिंदुस्तान दुनिया के चार राष्ट्रों में से एक राष्ट्र बना। क्या ये हमारे राष्ट्र की उपलब्धियां गौरव की बात नहीं हैं। क्या राष्ट्र की उपलब्धियों पर हिंदुस्तान के सारे नेताओं को सभी लोगों को गौरव का अनुभव नहीं करना चाहिए। आप इनकी बात सुनें। बीस सूत्री कार्यक्रम के माध्यम से श्रीमती इंदिरा गांधी ने हिंदुस्तान के करोड़ों करोड़ सर्वहाराओं के दिलों में आशा का चिराग जलाया करोड़ों भूमिहीनों को भूमि, करोड़ों बिना घरवालों को घर, करोड़ों बिना जमीन वालों को जमीन देने का फैसला किया। हिंदुस्तान के तीन हजार वर्ष के इतिहास में दिल्ली के किसी हुक्मरान ने भारत की सर्वहारा जनता को देश की दौलत में हिस्सेदारी देने का सिद्धांत स्वीकार नहीं किया था। इंदिरा गांधी विश्व की पहली नेता हैं, दिल्ली की हुकूमत पहली है जिसने फरमान जारी किया कि बीस सूत्री कार्यक्रम के माध्यम से हिंदुस्तान की करोड़ों करोड़ जनता की भारत की दौलत में हिस्सेदारी का सिद्धांत हम स्वीकार करते हैं, भारत की करोड़ों जनता की धन में, धरती में, जमीन में, मकान में, भारत की गद्दी में हिस्सेदारी का सिद्धांत हम स्वीकार करते हैं। इतने महान संकल्पों को चालू करके, धरती पर चालू करके श्रीमती इंदिरा गांधी ने कहा था :

"I want to make India a strong, powerful and developed Nation."

Rajiv Gandhi is the symbol of Indira Gandhi, Rajiv Gandhi is the symbol of Jawaharlal Nehru, Rajiv Gandhi is the symbol of Mahatma Gandhi, Rajiv Gandhi is the son of history.

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा जवाहरलाल मेरा राजनैतिक उत्तराधिकारी है और जवाहरलाल की बेटी, विश्व की नेता इंदिरा गांधी के पेट से जन्मे राजीव गांधी इतिहास का बेटा है, और इतिहास से लड़ोगे तो चकनाचूर होकर धराशाही हो जाओगे। इसलिए आओ उस राजीव गांधी के नेतृत्व में भारत को शक्तिशाली, वैभव सम्पन्न राष्ट्र बनाने का संकल्प करें और अतीत को सामने रख कर भविष्य के सुहावने दिन का निर्माण करें ताकि राष्ट्रीय आजादी का उद्देश्य विश्व शांति, विश्व विकास, आइये हम प्रतिज्ञा करें, इस नौजवान नेतृत्व में विश्व शांति और विश्व विकास के सपने को चरितार्थ करें, जिसकी कसम हमारे मुल्क के नेताओं ने ली थी, जिसकी कसम आजादी की लड़ाई में मरने वालों ने खाई थी —

सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा,
हम बुलबुले हैं इसकी यह गुलिस्तां हमारा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं राष्ट्रपति अभिभाषण का समर्थन करता हूं।

SHRI K. MOHANAN (Kerala): Madam, I am sorry. I am going.

श्री पर्वतनेनि उपेन्द्र : कैबिनेट रिशफल हो चुका है। ...(व्यवधान)

SHRI P. BABUL REDDY (Andhra Pradesh): Madam Deputy Chairman, I thank you for the opportunity you have given me. I have a disadvantage following, so closely, Mr. Kalpnath Rai, who was all sound and fury. But, while joining the mover of the motion, Kulkarniji, I thank the President for the Address he has given to the joint session on the opening day.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO (Jammu and Kashmir): You are thanking?

SHRI P. BABUL REDDY: I must thank him. We should not show disrespect, even if the other side has done it to the Chairman... (*Interruptions*)...

SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR: This side has not shown any disrespect to the Chair.

SHRI P. BABUL REDDY: Thank you. Madam, I would like to point out two or three aspects which have not been mentioned in the President's Address.

The foremost thing is, in Andhra Pradesh very sad things have happened with regard to small farmers. Members would have seen in the press that nearly 19 young farmers—cotton growers—committed suicide in one district, Prakasam District. That they took place in Andhra Pradesh does not mean that the Telugu Desam is responsible. The honourable Minister is, evidently, taking delight because Telugu Desam is ruling there. It is ruled by Telugu Desam no doubt, but the Central Government has got the primary responsibility. What I would point out here is that in the President's Address, on page 9, it is stated:

> "We have always believed that the nation can be strong only if the farmer and farming are strengthened."

Madam, the emphasis is on "only if the farmer and farming are strengthened." Now, forty years after Independence, what is the present state? Nineteen young farmers in one district, Prakasam District, had to commit suicide because they could not live with dignity. Their debts had gone up to their nose. Continuously for three years they had faced all odds in cultivation: In 1985-86 the white fly pest had ruined them. In 1986-87 and 1987-88 it was drought, cyclone and spurious pesticides supplied to them. The result has been that some of the small farmers, even landless people, who go to some landlords and take two or three acres of land on lease by paying two to three thousand rupees per annum and cultivate it, had burnt their fingers. They had to pledge their wives' jewels and they could not redeem them. Year after year, continuously for three years, they tried their luck. And what was worse, out of these 19 suicides, six or eight were cases of both husband and wife committing suicide together. This is the state after forty years. What justice are we doing? Eighty per cent of the people are living in the countryside. There is no doubt about it.

1.00 P.M.

THE DEPUTY CHAIRMAN: The House now stands adjourned for lunch and will meet again at 2.30 p.m.

The House then adjourned for lunch at one minute past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-four minutes past two of the clock, **The Vice-Chairman (Shri Jagesh Desai)** in the Chair.

THE CONSTITUTION AMENDMENT) BILL, 1988 (to amend the Eighth Schedule)

SHRI DHARAM CHANDER PRASHANT (Jammu and Kashmir): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

The question was put and the motion was adopted.